## संक्षिप्त समाचार

### बिजली समस्याओं को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा

**मीरगंज।** मीरगंज क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर समाजसेवी विशाल गंगवार ने सांसद को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मीरगंज ग्रामीण उपकेंद्र पर करीब 29 हजार उपभोक्ता जुड़े हैं, जो निर्धारित मानक से कई गुना अधिक हैं, जबकि फीडरों की लंबाई भी 40-45 किमी तक है। ऐसे में नए 33 केवी उपकेंद्र की आवश्यकता जताई गई है।ज्ञापन में अधूरे पड़े समसपुर फीडर का कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई। साथ ही समसपुर पीटीडब्लू फीडर पर किसानों को मात्र 7-8 घंटे बिजली मिलने पर नाराजगी जताते हुए इसे 14-15 घंटे करने की मांग की गई।इसके अलावा केबल डालने के बाद कनेक्शन न जोड़ने और ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि न होने की शिकायत भी की है। गहवरा व मनकरा में ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने की मांग की गई है।

### छह माह से मानदेय मिलने पर मनरेगा कर्मी परेशान

**क्योलडिया।** भदपुरा ब्लॉक के मनरेगा कर्मियों को पिछले 6 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मानदेय न मिलने के कारण कर्मियों के परिवारों की आजी. विका प्रभावित हो रही है और वे कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं मनरेगा कर्मियों का कहना है कि वे सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों जैसे क्रॉप सर्वे, फैमिली आईडी, किसान फार्मर रजिस्ट्री एवं बीएलओ ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से क्रॉप सर्वे के दौरान कर्मियों को जोखिम उठाकर काम करना पड़ता है।

### दबंगों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज के गांव सुन्डयावा के रहने वाला दिनेश कुमार नगर के गन्ना सोसायटी गेट पर अपने घर के पास बैठा था, कि उसे फोन कर के बुलाया गया, पहुंचने पर उसके साथ दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी गई। आरोप है कि दबंगों ने दहशत फैलाने को तमंचे से दो फायर कर डाले, जिससे वहां खलबली मच गई। सचिन और राजा ने उसपर हाकी से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। दिनेश कुमार ने इस मामले में हाफिजगंज के फरीद सिंह का पुत्र अनूप जेलदार, जनपद पीलीभीत के गांव नांद पसिया का सचिन गंगवार, कस्बे की कबाड़खाना रोड के रहने वाले उमेश गुप्ता का पुत्र राजा गुप्ता और आशीष गंगवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अल्पसंख्यकों का अपना घर है कांग्रेस

## लखनऊ सम्मेलन में 2027 के चुनाव को लेकर गरजे इमरान प्रतापगढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नेहरू भवन लखनऊ में आयोजित अल्पसंख्यक समाज सम्मेलन में राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि कांग्रेस ही अल्पसंख्यकों का अपना घर है और यह बात इतिहास, संघर्ष और कुर्बानियों से साबित होती है।



आज देश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां नफरत की राजनीति को सुनियोजित तरीके से फैलाया जा रहा है, ताकि जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज नौजवान बेरोजगारी से परेशान है, किसान संकट में है और महंगाई आसमान छू रही है, लेकिन इन मुद्दों पर बात करने के बजाय समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है। नव-नियुक्त उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुहैल अंसारी ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया।सुहैल अंसारी ने कहा कि उप्र हमेशा देश की राजनीति को दिशा देता रहा है। अब समय आ गया है कि अल्पसंख्यक समाज अपनी ताकत पहचाने और एकजुट होकर कांग्रेस के साथ खड़ा हो। 2027 का चुनाव ऐतिहासिक होगा और इसमें अल्पसंख्यकों की निर्णायक भूमिका होगी। कांग्रेस ही वह पार्टी है जिसने हमेशा हमें सम्मान और भागीदारी दी है और आगे भी हमारे हक की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और प्रदेश भर से आए हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर स्पष्ट संदेश दिया कि कांग्रेस जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने के लिए तैयार है।

# बंगाल और असम की जीत पर व्यापारियों ने जताई खुशी



**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उप्र युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने देश के बंगाल और असम राज्य में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को मिष्ठान खिलाकर अपनी बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित रहने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी बलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, महामंत्री अनुज गौतम, शुभम मौर्या प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सामाजिक व शैक्षिक व्यक्तित्व कमर जहां साहिबा को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ ।** मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी, लखनऊ के जनरल सेक्रेटरी डा. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने इरम ग्रुप आफ़ इंस्टीटड्शंस के संस्थापक स्वर्गीय ख़्वाजा सैयद मोहम्मद यूनुस की धर्मपत्नी क़मर जहां साहिबा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

वह बीती रात अंतिम पहर हृदय गति रुक जाने के कारण अपने मालिक-ए-हक़ीक़ी से जा मिलीं। वह अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। डा. हाशमी ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह दुखद घटना न केवल एक परिवार बल्कि पूरे शैक्षिक और सामाजिक समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने मरहूमा के सुपुत्रोंकृइरम ग्रुप आफ़ कालेजेज़ के मैनेजर ख़्वाजा बज़्मी यूनुस, डायरेक्टर ख़्वाजा फ़ैज़ी यूनुस, सेक्रेटरी ख़्वाजा सैफ़ी यूनुसकृतथा सुपुत्री डा. इरम यूनुस और दामाद राजनीतिक नेता शहंशाह हुसैन सहित सभी परि. जनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मरहूमा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क़मर जहां साहिबा अत्यंत नेक, धर्मपरायण और ईश्वरभक्त महिला थीं। वह नियमित रूप से नमाज़ व रोज़े की पाबंद रहीं और उन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी समाज सेवा और शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित कर दी। अंत में डा. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने दुआ की कि अल्लाह तआला मरहूमा को जन्नतुल फिरदौस में उच्च स्थान प्रदान करे और समस्त परिजनों को सब्र-ए-जमील अता करे।

# भाजपा की जीत को नकारना लोकतंत्र का अपमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भाजपा की विकास और सुशासन की जीत को स्वीकार न करना लोकतंत्र और संविधान का अपमान है। प्रयागराज आगमन पर भाजपाइयों द्वारा पुलिस लाइन में किए गए स्वागत के दौरान पत्रकारों से बात. चीत करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही।

उन्होंने कहा कि जनता ही सर्वोपरि है और उसका आदेश अंतिम होता है। भ्रम की राजनीति के दिन अब समाप्त हो चुके हैं। जो लोग जनमत का अपमान करते हैं, उन्हें इतिहास कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और डीएमके नेता एम. के. स्टालिन जैसे विपक्षी नेताओं की जनविरोधी राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह अब अंतिम सांसें ले रही है। मौर्य ने



■ भ्रम की राजनीति के दिन अब समाप्त हो चुके हैं, जो लोग जनमत का अपमान करते हैं, उन्हें इतिहास कभी माफ नहीं करेगा: उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का विरोधियों पर निशाना

स्पष्ट रूप से कहा कि भाजपा की सेवा, सुशासन और विकास की जीत को स्वीकार न करना न केवल लोकतंत्र बल्कि संविधान का भी अपमान है। उन्होंने विपक्षी दलों, जिनमें सपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके शामिल हैं, पर श्मतिभ्रमश् की स्थिति में होने का आरोप लगाया। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अथक मेहनत, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की सटीक रणनीति और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रयासों को भाजपा की वर्तमान स्थिति का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि इन्हीं सब के परिणामस्वरूप भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। केशव प्रसाद मौर्य ने इस बात पर जोर दिया कि अधिकांश राज्यों में जनता बार-बार भाजपा और उसके गठबंधन की सरकारों पर अपना विश्वास जता रही है। ऐसी स्थिति के कारण ही विपक्ष के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री का स्वागत करने वालों में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगा पार जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुना पार जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, अजय सिंह, राजन शुक्ला सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

# तीन हजार इज्जत घरों का निर्माण कराएगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरा**

**प्रयागराज।** उन लोगों के लिए खुशखबरी है, जिन्हें कतिपय कारणों के चलते खुले में शौच जाने को बाध्य होना पड रहा है। ऐसे लोगों की समस्या के निस्तारण और स्वच्छ भारत मिशन की संपूर्ण सफलता को ध्यान में रखते हुए जिले के ग्रामीण इलाकों में लगभग तीन हजार शौचालयों का निर्माण सरकार द्वारा कराये जाने का निर्णय लिया गया है। इसकी जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले ऐसे समस्त पात्र परिवार, जिनके घर में अभी भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वे भारत सरकार के अधिकृत पोर्टल पर सिटिजन पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा खुले में शौच की प्रवृत्ति को समाप्त करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। जिला पंचायतराज अधिकारी ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि इस योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने घरों में स्वच्छ एवं सुन्दर इज्जत घर का निर्माण सुनिश्चित करें एवं स्वच्छ, स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन की दिशा में सहभागी बनें।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला पर हमला

**मीरगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र में मायके से पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली मीरगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, थाना शाही क्षेत्र के ग्राम बलेही पहाड़पुर निवासी भागवती पत्नी अरविंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे।

# मातृ शक्ति की उपस्थिति में विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के सफल आयोजन पर ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समितिह की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल द्वारा आज को भव्य और दिव्य भंडारे का आयोजन, इंदिरा नगर लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित प्रतिष्ठित शिवशक्ति शनिद. व मंदिर पर किया गया।



इस अवसर पर यात्रा में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त करने वाली मातृशक्तियां भी उपस्थित रहीं। उनके अनुसार यह तीर्थयात्रा अत्यंत दिव्य और सुखद रही। यात्रा में शामिल महिलाओं ने भजन-कीर्तन और जयकारे लगाते हुए यह यात्रा सम्पन्न की। सपना गोयल के अनुसार सरकार के ऐसे दूरदर्शी अभियानों से निश्चित रूप से सनातनियों में जनजागृति आएगी और इसका व्यापक संदेश वैश्विक स्तर पर भी जाएगा।सपना गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 19 अप्रैल 2026 को लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन से श्सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेशश को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस यात्रा का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग और केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत किया था। इस यात्रा का व्यापक उद्देश्य श्रद्धालुओं को बाबा सोमनाथ के दर्शन के साथ-साथ भारत की समृद्ध संस्कृति का संचार, जनमानस के बीच करना भी था। मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन जयवीर सिंह के नेतृत्व में सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन-भ्रमण का विशेष रूप से ध्यान रखा गया। इसका ही प्रमाण है कि श्रद्धालुओं की यह यात्रा बहुत ही सुगमता के साथ संपन्न हुई।

# आज से प्रारम्भ होगी घरों की स्वगणना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जनगणना कार्यक्रम के प्रथम चरण के मकानों की स्वगणना का कार्य 7 मई दिन गुरूवार से प्रारंभ होगा। यह कार्य निरंतर 21 मई तक चलेगा। इसकी जानकारी जिला. धिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दी।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्य के तहत लगभग 15 हजार प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मकानों की गणना आनलाइन स्वत: जनपद और नगर वासियों को करना होगा। इस दौरान उन्हें आनलाइन दिये गये प्रश्नों को ध्यान में रखते हुए आवेदन को भरना होगा। इसके बाद प्रशिक्षित कर्मचारी मौके पर जाकर सूचनाओं का सत्यापन करके उसे सत्यापित करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी भवन स्वामी या अभिभावक को इसके लिए किसी प्रमाण पत्र देने की कोई बाध्यता नहीं है। इसके साथ ही उनके द्वारा दी गई किसी भी सूचना को प्रसा. रित न करते हुए उसे पूरी तरह से गोपनीय और सुरक्षित रखा जाएगा। श्री वर्मा ने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण की शुरूआत फरवरी 2027 में होगी। इस दौरान परिवार के सदस्यों का संपूर्ण विवरण एकत्रित किया जाएगा

# चांदी के वर्क से किया गया हनुमान की श्रृंगार

**लखनऊ।** मंगलवार को चौक कोतवाली स्थित श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में पहले बड़े मंगल के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने हनुमान जी की प्रतिमा को गंगा जल से स्नान कराकर तिल के तेल व चांदी के वर्क से नये वस्त्र धारण कर विशेष श्रृंगार कर भव्य पूजा-अर्चना के बाद भव्य आरती की, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। महंत विशाल गौड़ के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे (प्रसाद वितरण) की व्यवस्था की गई। है। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और स्थानीय लोग आरती में शामिल हुए।



# प्रलय बनकर आसमान से बरसेगी स्वदेशी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गंगा-यमुना और सरस्वती की पावन स्थली संगम की रेती पर आयोजित रक्षा तकनीक के महाकुंभ ने पूरी दुनिया को न्यू इंडिया के बढ़ते कदमों का अहसास करा दिया है।

इस भव्य प्रदर्शनी में भारतीय मेधा और स्वदेशी तकनीक का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने यह साफ कर दिया कि भारत अब रक्षा जरूरतों के लिए दुनिया पर निर्भर रहने वाला देश नहीं, बल्कि खुद भविष्य गढ़ने वाला रक्षा सुपरपावर बन चुका है। अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों के बीच सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र एआई-पावर्ड रोबोटिक म्यूल रहा, जो चार पैरों वाला एक रोबोटिक कुत्ता है। यह रोबोटिक कुत्ता सियाचिन जैसी दुर्गम और बर्फीली चोटियों पर बिना थके भारी वजन ढोने में सक्षम है। इसकी खास बात यह है कि 360-डिग्री कैमरों और रडार से लैस यह मशीन अंधेरे में भी दुश्मन की हर हरकत पर पैनी नजर रखेगी, जिससे सीमाओं पर घुसपैठ की हर कोशिश नाकाम होगी। इसके अलावा आसमान से दुश्मन को तबाह करने के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स का प्रलय ड्रोन अपनी मारक क्षमता का लोहा मनवा रहा है। इसके बारे में बताया गया कि यह एक घातक सुसाइड ड्रोन है, जो 250 किलोमीटर के दायरे में तीन घंटे तक मंडराते हुए दुश्मन की टोह ले सकता है।

# प्रशिक्षण संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** ग्यारहवीं गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में स्थित पुनीत दत्त आडिटोरियम में ग़ैर सरकारी संस्था रेड ब्रिगेड द्वारा एनसीसी लखनऊ ग्रुप के कैडेटों को महिला ष्उत्पीड़न/छेड़छाड़ के खिलाफ दृढ़ विश्वास के साथ खड़े होने का साहसष विषय पर प्रशिक्षण संगोष्ठी का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया!

इसमें गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रही ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल गौरव गौतम, विशिष्ट सेवा मेडल, एडिशनल डायरेक्टर जनरल, एनसीसी निद. शालय उ. प्र. लखनऊ रहे ! उक्त कार्यक्रम को संचालित करने हेतु विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेणुका टंडन, प्रतिष्ठित समाजसेविका की उपस्थिति में श्रीमती उषा विश्वकर्मा, अध्यक्षा रेड ब्रिगेड उ प्र द्वारा अत्यंत प्रभावशाली वक्तव्यों और प्रदर्शनों द्वारा प्रस्तुत किया गया ! इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित एनसीसी के लगभग पांच सौ कैडेटों को ष्उत्पीड़न/छेड़छाड़ के खिलाफ दृढ़ विश्वास के साथ खड़े होने का साहसह जैसे विषय पर अतिमहत्वपूर्ण जानकारी उषा मैडम द्वारा विधिवत उदाहरणों एवं प्रदर्शनों द्वारा प्रस्तुत की गई जिसे कैडेटों ने बड़े उत्साह एवं जिज्ञासा के साथ आत्मसात किया । उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने की जिम्मेदारी एनसीसी ग्रुप लखनऊ के द्वारा कर्नल दिनेश कुमार पाठक, कमांडिंग आफिसर 19 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी को सौंपी गई थी। अंतत: मेजर जनरल गौरव गौतम, विशिष्ट सेवा मेडल, एडिशनल डायरेक्टर जनरल, एनसीसी निदेशालय उ. प्र. लखनऊ द्वारा ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, विशिष्ट सेवा मेडल, की सहउपस्थिति में श्रीमती रेणुका टंडन, एवं श्रीमती उषा विश्वकर्मा को निदेशालय के मेडलियन ने सम्मानित किया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

